हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

9 गिरदावरी करवाकर लाख रुपये प्रति एकड़ बर्बाद ...



10 मेरे घर से पहले क्षेत्र की आबादी से पानी निकासी...



## खबर संक्षेप

### डीएलएसए 15 सितंबर को लगाएगा समाधान शिविर

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा स्थानीय परसराम हेतराम स्कूल में 15 सितंबर को दोपहर 2 बजे से सूक्ष्म विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव सीजेएम संजीव काजला के अनुसार सूक्ष्म विधिक सेवा शिविर में दादरी के विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे ताकि आम जनता उक्त विभागों की सेवाओं के साथ-साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे उठा सके।

### एक वर्ष के लिए गुटका पान मसाला पर प्रतिबंध

**चरखी दादरी।** राज्य में एक वर्ष के लिए गुटका, पान, मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उपायुक्त डा मुनीष नागपाल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत निर्मित खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम, 2011 के विनियम अनुसार किसी खाद्य उत्पाद में सघटकों के रूप में तम्बाकू व निकोटीन के उपयोग पर विभाग द्वारा एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त द्वारा एक पत्र जारी कर सक्षम तथा संबंधित अधिकारियों को एक वर्ष के लिए हरियाणा राज्य में किसी खाद्य उत्पाद में संघटकों के रूप में तम्बाकू व निकोटीन के निर्माण, भण्डारण व वितरण पर बैन लगाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### शिविर में 80 बच्चों के दांत जांचे

**भिवानी।** स्वास्थ्य जांच पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान लोहारू रोड स्थित आदर्श पुनर्वास केन्द्र में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. लता पंवार, डा. नीतू व डेंटल सहायक विकास ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 80 बच्चों के दांतों की जांच की गई तथा उन्हें दातों के उचित रखरखाव को लेकर आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। चिकित्सकों ने कहा कि हमारे जीवन में दातों का विशेष महत्व है।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम दो तक आयोजित होगा

**बहल।** भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम की सफलता के लिए पार्टी द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की जा रही है। लोहारू विधानसभा के चारों मंडलों की मीटिंग 13 सितंबर को बहल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र मंढोली और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा दी। उन्होंने बताया कि भाजपा केवल पार्टी ही नहीं एक विचारधारा है। पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री के जन्म दिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है।

### फसल किसी और के नाम होने की पहुंची तहसील कार्यालय में शिकायतें

# भिवानी के किसानों की जमीन, पोर्टल पर मालिक यूपी और मेवात निवासी

- पंजीकरण करवाते समय पहले से ही किसी और के नाम पंजीकरण दिखाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अगर आपने अपने खेत की जमीन व फसल का ब्यौरा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण नहीं करवाया है तो सतर्क हो जाइए। चूंकि इस तरह के किसानों की खाली खेत व फसल वाले खेतों के मालिक कोई ओर ही बन रहे है। वे बारिश के पानी से बर्बाद हुई फसलों का ब्यौंरा भी अपने नाम दर्ज करवा रहे है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब किसानों द्वारा पानी से बर्बाद हुई फसलों का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करने के लिए सीएससी सेंटर पर पहुंचे। ज्यादातार भूमि खेत मालिकों की बजाए मेवात व यूपी के लोगों के नाम चढी है। इस मसले को लेकर किसान रोजाना पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा रहे है।

जानकारी के अनुसार सरकार ने जलभराव से बर्बाद फसलों के पोर्टल पर अपलोड करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। उस पर किसानों ने अपनी बर्बाद फसलों का पंजीकरण का आरंभ किया तो उस पर पहले से ही पंजीकृत होने का मैसेज आ रहा है। यह मैसेज देख कर किसानों के पैरों तैले की जमीन खिसकने लगी गई। जिन लोगों के नाम फसलों का ब्यौरा चढा हुआ मिला है। उनमें ज्यादातार यूपी व मेवात के बताए जा रहे है। अगर सरकार फसलों का मुआवजा आदि देती है तो उनके ही खाते में जाएगा। चूंकि उनके ही नाम फसल दिखाई गई है। जिले में इस तरह के अनेक केस सामने आ रहे है।


#### खाली खेत ही निशाने पर

जिन खेतों में किसानों ने कोई फसल की बिजाई नहीं की है। उन खेतों की ही आरोपियों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने नाम दिखाई है। हालांकि आरोपियों ने उन खेतों में फसल दिखाई हुई, लेकिन जो खेत के असल मालिक है। उनको पता है कि उन्होंने इस किला नम्बर में कोई फसल की बिजाई नहीं की हुई। उस खेत में भी फसल है और उस फसल को बारिश के पानी से बर्बाद होना दिखाया गया है। इनके अलावा जिन किसानों ने अभी तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया था। उन किसानों के खेतों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने नाम दिखाया गया है। फिलहाल जिन किसानों भी भूमि आरोपियों ने अपने नाम दिखाई है। उन खेतों के असल मालिक न तो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवा पा रहे है और न ही क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण। फिलहाल वे खेतों के मालिक होने के बाद भी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मालिक नहीं बन पा रहे है।

#### तीन एकड़ भूमि का पंजीकरण नहीं हो रहा



किसान जितेंद्र ने बताया कि उसके बाकी खेत का तो पंजीकरण हो गया,लेकिन तीन एकड़ भूमि में जो फसल का पंजीकरण करवाना चाहता था। वह नहीं हो पाया। उस कॉलम में पेंडिग दिखा रहा है। सीएससी सेंटर पर इसकी जांच करवाई तो पता चला कि इन तीन एकड़ भूमि की फसल को पहले ही किसी ने पोर्टल पर अपने नाम पंजीकरण करवा लिया है। अब उन्होंने इस बारे में पोर्टल पर ही अपनी शिकायत दर्ज करवाई है।




भिवानी। पोर्टल पर दर्ज की गई फसलों व पेंडिग भूमि का ब्यौरे का दृश्य।

### नैना सिंह चौटाला का आज बाढड़ा हलके का दौरा

**बाढड़ा।** पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला 12 सितंबर शुक्रवार को हल्का बाढड़ा के अनेक गांवों का दौरा करेंगी। इस दौरान वे आमजन से सीधा संवाद करेंगी और कार्यकर्ताओं के सुख-दुःख में सहभागी बनेंगी। यह जानकारी देते हुए जननायक जनता पार्टी जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, पार्टी हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ोली एवं जिला प्रेस प्रवक्ता राजेंद्र सिंह हुई ने बताया कि नैना सिंह चौटाला हल्के के गांव काकडोली हुक्मी, कारी रूपादास, कारी धारणी, भांडवा, लाड, नांधा, बादल व हड़ोदी का दौरा करेंगी। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के दौरान नैना सिंह चौटाला गांवों में होने वाले सामूहिक व पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होकर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात करेंगी। वे लोगों की समस्याएं व सुझाव सुनेंगी और उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाएंगी। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी हमेशा से जनसेवा की राजनीति में विश्वास रखती है और यही कारण है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता हर सुख-दुःख में समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं।

# चार विदेशी पिस्तौल, 20 कारतूस के साथ तीन युवक दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी पुलिस व रोहतक एसटीएफ यूनिट की संयुक्त टीम ने गुरुवार अल सुबह तीन आरोपियों को चार पिस्तौल व 20 कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए सभी पिस्तौल विदेशी है। पकड़े गए आरोपियों में दो युवक भिवानी के गांव बलियाली तथा एक झज्जर जिले के गांव भदानी का रहने वाला है। अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि आरोपी कहां से उक्त हथियार लाए थे और किस घटना को अंजाम देना था,लेकिन इससे पहले पुलिस के हत्थे चढ गए। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत में थाना सिविल लाईन भिवानी (कोर्ट परिसर गोली काण्ड) का अनुसंधान अपराध शाखा भिवानी तथा स्पैशल टास्क फोर्स हरियाणा द्वारा सयुक्त रुप से किया जा रहा है। विदित है कि इस घटनाक्रम में लवजीत निवासी मौखरा रोहतक को 2 गोलिया लगी थी । इसी मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में लग रही थी। आज अल सुबह रोहतक एसटीएफ यूनिट व भिवानी पुलिस ने तोशाम बाईपास से तीन युवकों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चार पिस्तौल बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित गांव बलियाली, परम गांव भदानी झज्जर व अंकित गांव बलियाली के रूप में हुई है। जांच पड़ताल के दौरान अमित उर्फ गोलु के पास से एक जिगाना कम्पनी का पिस्तोल जिन्दा रौद सहित व एक तुर्की मेड जिगाना पिस्तोल बरामद हुआ तथा परम उर्फ मोन्टी के पास से मेड इन आर्सट्रिया की एक पिस्तोल जिन्दा रौद सहित बरामद हुई। इसी अभियोग में आज दोपहर तीसरे आरोपी अंकित पुत्र नरेश निवासी बलियाली को भी अवैध पिस्तोल सहित काबू किया गया।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर इंदीवर डीएसपी एसटीएफ सोनीपत व रोहतक व डीएसपी क्राइम भिवानी अनूप कुमार मौजूद रहे।

#### एसपी बोले, अपराध व अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं






भिवानी। पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपी और आरोपियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार।

#### अपराधियों की जानकारी दें

एसपी सुमित कुमार ने बताया कि अपराध व अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने जनता से आहवान किया कि अगर किसी के पास किसी अपराधी की कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस के साथ शेयर करें। अपराधी व सोशल मीडिया पर अपराधियों की पोस्ट लाइक व शेयर करने वालों की जानकारी पुलिस को दे जानकारी देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

# रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने वाले प्राइवेट प्ले स्कूलों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



- इन स्कूलों को 15 दिन का समय दिया गया है

जिला में अवैध रूप से चलाए जा रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों का महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की गाइड लाइन के अनुसार सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों को सरल पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करना जरूरी है।

आवेदन नहीं करने वाले जिला में चल रहे अवैध प्राइवेट प्ले स्कूलों को नोटिस दिया गया था। इसके उपरांत कुछ स्कूलों द्वारा सरल पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन कर दिया गया। जिन प्ले स्कूलों ने आवेदन नहीं किया, उनको महिला बाल विकास विभाग द्वारा पुनः नोटिस दिया गया। उपायुक्त के निर्देशों पर महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा पंचकुला द्वारा गठित कमेटी द्वारा इस तरह चल रहे अवैध स्कूलों की विजिट की गई, जिसमें नटखट प्ले स्कूल चरखी दादरी, कन्हा किड्स प्ले स्कूल चरखी दादरी, सनशाइन प्ले स्कूल चरखी दादरी तथा मदर केयर प्ले स्कूल चरखी दादरी इन 4 स्कूलों की विजिट की गई तथा कमेटी के सदस्यों द्वारा मौके पर ही इन स्कूलों को सरल पोर्टल पर आवेदन न करने बारे नोटिस थमाया कि अगर उनके द्वारा प्राइवेट प्ले स्कूल का रजिस्ट्रेशन करने बारे सरल पोर्टल पर आवेदन नहीं किया तो उनका स्कूल बंद करवाने बारे आगामी कार्य वाही अमल में ला दी जाएगी तथा इसके लिए प्राइवेट प्ले स्कूल स्वयं जिम्मेदार होगा। इसके लिए इन स्कूलों को 15 दिन का समय दिया गया है।

### बरसाती पानी निकासी के लिए परियोजना का कार्य धरातल पर शुरू : एसडीएम

**भिवानी।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने कहा है कि गांवों की आबादी को सम्भावित बाढ़ के खतरों से बचाने के लिए बडी परियोजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ, पंचायती राज, बिजली व जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी, सिंचाई, पशु पालन, राजस्व, विकास एवं पंचायत विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आबादी क्षेत्रों में बाढ़ के खतरों से बचाने के लिए सभी प्रकार के व्यापक प्रबंध शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

एसडीएम रवि मीणा ने बताया कि आबादी को जल भराव जैसे संकट से बचाने के लिए गावों में तटबन्ध बनाया जाएगा। उन्होंने बताया आबादी क्षेत्र प्रभावित न हो इसके लिए भविष्य के मद्देनजर पुख्ता प्रबंध किए गए जाएंगे। उन्होंन बताया कि बरसाती पानी निकासी के लिए बडी परियोजना का कार्य धरातल पर शुरू कर दिया गया है। बिजली विभाग ने सागवान, दागं कला व खुर्द तथा बलियाली, सुई आदि के लिए 11000 वोल्टेज की नई लाइन पर युध्द स्तर पर काम शुरू किया गया है। यह साढ़े तीन किलोमीटर लम्बी लाइन निर्बाध रूप से आपातकालीन बिजली की सप्लाई देगी। वहीं इलाके में आबादी क्षेत्र जलभराव से प्रभावित न हो इसके लिए हर संभव कदम उठाएं जा रहे हैं। विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से बाढ राहत बचाव कार्य कर रहे हैं।

# कन्या भ्रूणहत्या रोकने के लिए आशा वर्कर्स ने कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़डा

- समाज में लड़का-लड़की के प्रति बनी संकुचित सोच को जागरूकता से ही किया जा सकता है खत्म

लिंगानुपात को सुधारने के लिए आशा वर्करों ने ग्रामीण स्तर पर जनजागरुकता अभियान तेज कर दिया है। आशा वर्कर राज्य उप प्रधान कमलेश भैरवी व आशा वर्कर जिला प्रधान प्रेमपती ने बताया कि जागरुकता से ही समाज में लड़का लडक़ी के प्रति बनी संकुचित सोच को खत्म किया जा सकता है।

जनजागरुकता के इस कार्यक्रम कि तैयारियां के लिए आज सभी पदाधिकारियों ने गांव झोझूकलां, बेरला, बाढडा व अटेला गांव के सरपंचों से मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा द्वारा भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत हरियाणा में दो जत्थे एक पलवल से और एक सिरसा से चले हुए हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा से चलकर जत्था ,12 सितंबर को दादरी जिले में पहुंचेगा। जो 12 सितंबर को जिले के गांव चिड़िया, बाढडा, बेरला, अटेला, डोहकी में सभाएं करेंगे, सितंबर को खेड़ी बूरा, चरखी, रावलधी, रानीला, बिगोवा, मे जनसभा कि जाएंगे कि कन्या भ्रूणहत्या रोकना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।

### जरूरत के हिसाब से लगाएं पम्पसेट: जसवंत सिंह

# चीफ इंजीनियर ने बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लिया



- विषम परिस्थितियों का सामना पूरी ईमानदारी व लग्न से करे अधिकारी व कर्मचारी : चीफ इंजीनियर
- जेई बिजेश कुमार जावला ने मैनहोल के ढक्कनों की समस्या उठाई

भिवानी। निरीक्षण के बाद जलघर में पौधारोपित करते चीप इंजीनियर जसवतं सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जनस्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर जसवंत सिंह ने बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा के लिए भिवानी, बवानीखेड़ा और चरखी दादरी का दौरा किया।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी लगन और ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए, ताकि अत्यधिक बारिश से उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों का सामना किया जा सके और किसी भी तरह की जन-धन की हानि को रोका जा सके।अपने दौरे के दौरान चीफ इंजीनियर जसवंत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है और हमारी जान की सुरक्षा के लिए स्वच्छ पर्यावरण बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इसी कड़ी में उन्होंने खुद एक पौधा लगाया और इसे अपनी मां के नाम समर्पित किया, जो पर्यावरण के प्रति उनके व्यक्तिगत समर्पण को दर्शाता है। चीफ इंजीनियर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी की निकासी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां तत्काल प्रभाव से पंप सेट और पाइपलाइन लगाई जाएं ताकि जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी तुरंत निकाला जा सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मुख्यालय और सरकार की ओर से संसाधनों और बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मीटिंग के दौरान जेई बिजेश कुमार जावला ने मैनहोल के ढक्कनों की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा स्वीकृत दरों और बाजार भाव में काफी अंतर है, जिसकी वजह से कोई भी ठेकेदार टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले रहा है। चीफ इंजीनियर ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंडल कार्यालय से एक पूरी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने को कहा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा, कार्यकारी अभियंता फूल सिंह, विकास धनखड़, कपिल देव, उपमंडल अभियंता सूरज प्रकाश जैन, रवि ग्रेवाल, कंवरपाल, उमेद सोनी, जय सिंह तथा कनिष्ठ अभियंता बिजेश कुमार जावला, महेंद्र सिंह, श्रीभगवान शर्मा, अरविंद, ताजद्दीन, दीपक, कपिल श्योराण, आशीष, पंकज वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या से कुगंड़ियों का मंदिर भिवानी पदयात्रा 22 से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- यात्रा के संयोजक डॉ विनय मिश्र और मंडन मिश्र ने बताया कि पदयात्राओं की शृंखला में यह 11वीं पद यात्रा है

अयोध्या के राम मंदिर से कुगंड़ियों के मंदिर भिवानी की पद यात्रा 22 सितंबर प्रथम नवरात्रि से शुरू होगी। इसके लिए 21 को अयोध्या प्रस्थान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए यात्रा के संयोजक डॉ विनय मिश्र और मंडन मिश्र ने बताया कि पदयात्राओं की श्रृंखला में यह 11वीं पद यात्रा है।

इससे पूर्व देवसर, बनभौरी,बेरी, गुरुग्राम शीतला माता, हरिद्वार, जाटू लुहारी सती दादी माता,वैष्णो देवी,वृंदावन, किलकाल भैरव दिल्ली,सालासर राजस्थान से कुगंड़ियों के मंदिर में पद यात्रा आ चुकी है। आचार्य रमेश मिश्र के सान्निध्य में 2अक्टूबर दशहरा को विशाल हवन होगा। जिसमें सभी 11 स्थानों से आई हुई विभिन्न शक्तियों का पूजन होगा।

#### ये हैं शामिल

अयोध्या पद यात्रा में मुकेश जांगड़ा,संदीप खरक,वीरेंद्र खरक,सोनू सरपंच,नरेश मेहता,मोहित गौतम, सार्थक एडवोकेट, आयुष, अक्षय कौशिक, दुष्यंत, अनिरुद्ध कौशिक,कपिल शर्मा सांगाहेडा,अमित भृगु , दीपक खरक आदि शामिल है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमती उत्तमी बाई स्कूल में चित्रकला स्पर्धा करवाई



**भिवानी।** नया बाजार स्थित श्रीमती उत्तमी बाई आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत माता अभिनंदन संगठन की तरफ से आठवां भारत माता अभिनंदन दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत माता रंग भरो चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । यह प्रतियोगिता बाल वर्ग,कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में संपन्न हुई। छात्राओं ने भारतमाता चित्र को सुंदर-सुंदर रंगों से सजाया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### समीर खटीक भिवानी शहरी जिला अध्यक्ष बने

**भिवानी।** कांग्रेस पार्टी ने अनुसूचित जाति (एससी) सैल के भिवानी शहरी जिला अध्यक्ष के पद पर समीर खटीक को नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। खटीक ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का आश्वासन दिया है।

## निगाणा फीडर में पीछे से पानी रुकवाया जाए : किसान सभा

# गिरदावरी करवाकर लाख रुपये प्रति एकड़ बर्बाद फसलों का मुआवजा दें

**किसान सभा व युवा कल्याण संगठन ने जिला प्रशासन व सरकार को दिए जल निकासी के सुझाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी एवं युवा कल्याण संगठन भिवानी के प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ग्रस्त गांव बीरण, सागवान, दोनों दांग व धनाना में जाकर जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए जिला प्रशासन व राज्य सरकार को सुझाव दिए हैं कि पीछे से धनाना, समैण ड्रेन, तालू, मंढ़ाणा ड्रेन का पानी दागों के खेतों में रोककर निगाणा फीडर में डाला जाए। निगाणा फीडर में पीछे से पानी रुकवाया जाए, वाटर वक्र्स की मोरियां बंद की जाएं तथा सागवान गांव में खड़े पानी को डाडम पहाड़ी में जो 400 फुट गहरी है में डाला जाए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किसान सभा के जिला उपप्रधान तथा माकपा नेता है। कामरेड ओमप्रकाश व युवा कल्याण संगठन के संरक्षक तथा कांग्रेसी नेता कमल प्रधान कर रहे थे। उन्होंने गांव में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव रावदान सिंह को गांव के हालात के बारे अवगत कराया तथा राव साहब तत्काल गांव में बाढ़ राहत के लिए एक लाख 61 हजार रुपये गांव वालों को दिए तथा आश्वासन दिया कि उनको एक पोपलैंड अथवा जेसीबी तथा दो मोटर अतिरिक्त देने के लिए जिला प्रशासन से मांग करेंगे। उनके साथ कांग्रेस नेता प्रदीप गुलिया, ईश्वर शर्मा, संदीप तंवर, संजीत ख्यालिया व कृष्ण मलिक सहित दो दर्जन कांग्रेसी नेता रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि सरकार व प्रशासन विशेष गिरदावरी करके एक लाख रुपये प्रति एकड़ बर्बाद फसलों का मुआवजा दे, ध्वस्त मकानों का सर्वे करवाकर न्यायोचित मुआवजा दिलवाया जाए। प्रभावित मजदूरों को प्रति परिवार 20 हजार रुपये मुआवजा तथा 200 दिन का 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी देकर मनरेगा का काम दिया जाए।

### हरियाणा के लिए नाइंसाफी

उन्होंने कहा कि हालांकि केंद्र सरकार ने हिमाचल व पंजाब को हुए नुकसान से बहुत कम पैकेज दिया है, परन्तु हरियाणा को कुछ नहीं दिया, यह हरियाणा के लिए नाइंसाफी है। राज्य सरकार ने जो राहत की घोषणा की है, वह उंट के मुंह में जीरा है। इस राहत घोषणा को निश्चित तौर पर कई गुणा बढ़ाना होगा। दौरा करने वालों में किसान सभा के नरेंद्र धनाना, पालाराम व युवा कल्याण संगठन के अनिल शेषमा शामिल रहे।

# एजुकेशन वॉलंटियर का 3 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

■ अध्यापकों की शिक्षण अधिगम सामग्री आबंटित की

जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा कार्यालय में भिवानी जिले के पांच खंड में कार्यरत शिक्षा स्वयंसेवकों के तीन दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम के समापन के तीसरे दिन सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षा वॉलंटियर को विशेष प्रशिक्षण केंद्र क्या होते है, कैसे कार्य करते है और और आउट ऑफ स्कूल छात्रों को विशेष प्रशिक्षण केंद्र में किस प्रकार शिक्षित किया जाता हैं,किस प्रकार वो बच्चे जो स्कूली शिक्षा से वंचित है उनका नामांकन स्कूल में कराया जाता हैं।

साथ ही उन्हें कैसे सुरक्षित माहौल प्रदान किया जाता हैं ताकि उनका पालन पोषण उचित संसाधनों के माध्यम से हो सकें,वो सभी शिक्षा से वंचित बच्चे एक सुखद और कल्याण कारी वातावरण मिल सके। साथ ही एजुकेशन वॉलंटियर को प्रबंध पोर्टल के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। किस प्रकार प्रबंध पोर्टल कार्य करता, इसका उपयोग क्या है, बच्चों का डाटा किस प्रकार पोर्टल पर अंकित किया जाता हैं ताकि सभी एजुकेशन वॉलंटियर एक सक्षम वॉलंटियर बन सके। इस अवसर पर विशेष प्रशिक्षण केंद्र पर बच्चों को प्रदान की जाने वाली शिक्षण सामग्री तथा अध्यापकों की शिक्षण अधिगम सामग्री आबंटित की गई । इस अवसर पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक कदम प्रोग्राम कार्डिनेटर करमवीर ठाकुर तथा सभी पांच शिक्षा स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

### सीएम फलाइंग ने सीएचसी कंडेला का निरीक्षण किया

**अलेवा।** सीएम फलाइंग ने गुरूवार को डीएसपी पवन शर्मा के नेतृत्व में सीएचसी कंडेला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर समेत सीएचसी का रिकार्ड खंगाला। हालांकि टीम ने सीएचसी के काम को संतोषजनक बताया। टीम आने की भनक लगते ही सीएचसी स्थित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया । सीएम फलाइंग डीएसपी पवन शर्मा ने बताया कि टीम ने वीरवार को सीएचसी कंडेला का औचक निरीक्षण किया है।

## शिकायतकर्ता की संतुष्टि जरूरी

# अधिकारी एटीआर पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का समाधान करने पर एटीआर पोर्टल पर स्पष्ट तौर पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण या सफाई जैसी समस्याओं के समाधान के पश्चात फोटो आदि साथ अपलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि जरूर करें। समस्या का री-ओपन होना संबंधित विभाग के मुखिया की जिम्मेवारी होगी। उन्होंने सीएम विंडो पर आने वाली समस्याओं को हर रोज अंडरटेक करने के निर्देश दिए ताकि जिला का रैंक कम न हो। डीसी श्री गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीएम विंडो, समाधान शिविर और जनसंवाद पोर्टल की समीक्षा कर रहे थे।

### समीक्षा होगी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित समस्याओं का समाधान सबसे पहले करें और उनकी एटीआर भरें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब सप्ताह में तीन दिन समाधान शिविरों की लंबित समस्याओं की भी समीक्षा होगी, ऐसे में अधिकारी पूरी गंभीरता से काम करें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को स्वयं रूचि लेकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### डीसी ने विस्तार से की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

डीसी श्री गुप्ता ने बैठक दौरान स्वच्छता अभियान, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना, हैप्पी कार्ड वितरण, अमृत सरोवर योजना, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, ई-आफिस कार्यान्वयन, प्राथमिकता वाली योजनाएं, सीएम विंडो एवं जन संवाद, समाधान शिविर, पीआईडी के कार्यान्वयन बारे, मुख्यमंत्री घोषणाएं, जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण, विशेष गिरदावरी का दर्जा बारे, विभिन्न विभागों की सरकारी संपत्तियों पर निजी कब्जे के निपटान बारे, जाति सत्यापन बारे, विभागों की भूमि का लंबित उत्परिवर्तन, गांव में पुस्तकालय, पशु पालन और सरकारी आवासीय भवनों के निर्माण संबंधी परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा, एसडीएम महेश कुमार, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, निजली निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया, डीडीए विनोद फोगाट, पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत और तहसीलदार जयबीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन जारी

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर झूमे श्रद्धालु

### जीवन में नैतिक मूल्यों और सद्भाव को स्थापित करने का सशक्त माध्यम है भागवत कथा : पंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कीर्ति नगर के मंगेज भवन में इन दिनों शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है, जिसने पूरे क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म का माहौल स्थापित कर दिया है। यह आयोजन 13 सितंबर तक जारी रहेगा। कथा के 5वें दिन वीरवार को कथावाचक पंडित ऋषि राम वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की मनमोहक कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति में डूब गए और झूम उठे। ट्रस्ट के प्रधान प्रदीप कुमार (सोनू) और आयोजक चंदा गुप्ता ने इस आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य समाज में धर्म के प्रति आस्था को बढ़ावा देना और लोगों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा जीवन में नैतिक मूल्यों और सद्भाव को स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है। कथा के दौरान कथावाचक पंडित ऋषि राम वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़ी अलौकिक घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया।

### आठवीं संतान

उन्होंने बताया कि किस प्रकार मथुरा के राजा कंस के कारागार में माता देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। कथावाचक ने कंस के अत्याचारों, भगवान के जन्म के समय प्रकृति में हुए बदलावों और वासुदेव द्वारा बालक श्रीकृष्ण को गोकुल पहुंचाने की अद्भुत लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के साथ-साथ भजनों और संगीतमय प्रस्तुतियों ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### नन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धरा

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाने लगे। पूरा वातावरण कृष्ण भक्ति के रंग में रंग गया था। इस अवसर पर झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों को राधा-कृष्ण के रूप में सजाया गया था। इस दौरान बाल स्वरूप कृष्ण कन्हैया की भूमिका नन्हे शिवांश, राजेश गुप्ता वासुदेव बने और चंदा गुप्ता ने यशोदा माता की भूमिका निभाई। इस अवसर पर किरन गुप्ता, हर्ष मनोज कुमार, त्रिलोक मेहता, माया मुदगिल, शशि परमार, रामअवतार पाराशर, आज्ञावन्ति, मंजीत प्रजापत, सतीश सांवरिया, आज्ञावंती, मंजीत तंवर,सुनीता तंवर,बिमला परमार,कमलेश,सुदेश दलाल,नीमा देवी, संजय शास्त्री, राजेश गुप्ता, सुरेश शर्मा,सूबेदार नाहर सिंह, अंजू सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## ढिलाई बरती तो वे उपायुक्त के कार्यालय का करेंगे घेराव

# बर्बाद फसलों का तत्काल 70,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार: फौजी

**पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** गांव पुर में लोगों के साथ मकानों को देखते पूर्व सीपीएस फौजी।

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि भाजपा सरकार व प्रशासन जानबूझकर जलभराव वाले इलाकों से पानी की निकासी नहीं करवा रही। जरूरत के हिसाब से पम्पसेट आदि नहीं लगवाए गए है। जिस वजह से एक सप्ताह पहले जितना पानी खेतों में जमा था। आज भी उतने ही पानी में फसलें डूबी हुई है।

मकानों में तीन से चार फुट तक बारिश का पानी जमा है। अगर पानी की निकासी होती तो घरों व खेतों से पानी की निकासी हो गई होती। जिस वजह से फैसले तबाह हो गई और मकान गिरने की स्थिति में पहुंच गए है। वे आज गांव पुर में जलभराव क्षेत्र का दौरा कर रहे थे।

उसके बाद लोगों से बातचीत की और उनकी दुख व तकलीफ जानी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इतनी बारिश व जलभराव के बावजूद सरकार ने आज तक आपदा घोषित नहीं की है। यहां तक फसली ऋण व अन्य बैंकों के ऋणों की वसूली अभी भी जारी है। लोगों को अपने आशियाना बचाने व परिवार के पालन व पोषण की चिंता है,लेकिन सरकार को उनके हितों की कोई चिंता नहीं है।

### मकानों की मरम्मत के लिए राशि जारी करें

उन्होंने कहा कि सरकार 70 हजार रुपये प्रति एकड के हिसाब से फसलों का मुआवजा दे। मकानों की मरम्मत की अलग से राशि जारी करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे जल्द ही उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे।

# जलभराव से प्रभावित प्रत्येक किसान को मिलेगा मुआवजा : महता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

**सीएम नायब सैनी पल पल की जानकारी ले रहे हैं**



भाजपा नेता जगदंबा महता का फाइल फोटो।

बवानी खेड़ा व आसपास के क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश और जलभराव के कारण किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता जगदंबा महता ने किसानों को मुआवजा दिलाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रभावित किसान को नुकसान की भरपाई से वंचित नहीं रखा जाएगा। महता ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा की स्थिति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार नजर बनाए हुए हैं और पल-पल की जानकारी हासिल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं कि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिले।

### नुकसान दर्ज करवाएं

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शुरू किए गए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल की सराहना करते हुए इसे सही दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी फसल के नुकसान का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और मुआवजे के वितरण की प्रक्रिया में तेजी आती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस पोर्टल पर अपना नुकसान दर्ज कराएं, ताकि सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार उन्हें उचित मुआवजा मिल सके।

## आज हर युवा को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए

# विवेकानंद के जीवन की व्याख्या करना सूरज को दीपक दिखाना जैसा :धर्माणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**भारत गौरव स्वामी विवेकानंद पर व्याख्यान माला आयोजित**

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ वाइस चांसलर एंड एकेडिमिशियनस के संयुक्त तत्वावधान में राधाकृष्णन सभागार में भारत गौरव व्याख्यान माला के अंतर्गत भारत गौरव स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक व डीन प्रो. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि एआईएवीसीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कुलपति प्रो.डा. लोकेश शेखावत के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी बंसीलाल लाल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, साफा, स्मृति चिह्न और पौधा देकर किया गया। आल इंडिया वाइस चांसलर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लोकेश शेखावत ने एसोसिएशन ओर उसके द्वारा चलाई जा रही ।

### समझौता नहीं किया

मुख्य वक्ता प्रो लोकेश शेखावत ने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कभी अपने धर्म -कर्म से कभी समझौता नहीं किया। हमें भी स्वामी जी को पढ़कर उनके कृतित्व से शिक्षा लेनी चाहिए और परिवार में संस्कार देने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन बहुत बड़ा है उनके जीवन की व्याख्या करना सूरज को दीपक दिखाना जैसा है। उनको जितनी उपाधियां दी जाए कम है।

# प्रकृति नहीं पैसा चाहिए की नीति पर चल रही सरकार: जीवन सिह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पूर्व प्रधान ,वन कर्मचारी संघ, हरियाणा जीवन सिह ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 1996 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गोदाबरमन केस में दिए गए निर्णय के विरुद्ध वन की परिभाषा को शब्दकोष के अर्थ के अनुसार परिभाषित करते हुए ऐसी शर्ते लगाई है कि पहले से कानूनी संरक्षण प्राप्त वन क्षेत्र बाहर जाएगा। कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए क्षेत्रों को चिन्हित करने किए विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। दूसरी ओर केन्द्र सरकारने 31 अगस्त 2025 को वन संरक्षण एवं संवर्धन नियमों में संशोधन करके वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग के लिए अनुमति से पूर्व परियोजना का कार्य शुरू करने के लिए अनुमोदन की शक्तियां राज्य सरकारों को प्रदान की है। अन्तिम अनुमति से पूर्व किए गए अनुमोदन को 2 से 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

### करेंगे बैठक

जीवन सिंह ने कहा कि सरकार की वन एंव पर्यावरण विरोधी कार्यवाहियों से आम जनता को अवगत कराने के लिए। 14 सितम्बर को जसबीर स्मारक, शीला बाईपास, रोहतक में वन विभाग से जुड़े कार्यरत व सेवानिवृत कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें जनता को जागरूक करने की रणनीति तय की जायेगी। सरकार विदेशी निवेश, पर्यटन को बढावा देने, खनन व भू-माफिया को खुली लूट की छूट दे रखी है।

### उजाड़ने की योजन

प्रदेश सरकार की अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी बनाने की योजना भी अपने चहेतों को पी.पी.पी. के नाम पर उनको वन क्षेत्र उपलब्ध करा कर वाणिज्यिक गतिविधियां चलाकर स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर उन्हे उजाड़ने की योजना बना रही है। जीवन सिंह ने कहा कि वन एवं वन्य प्राणी शाखा में कर्मचारियों की कर्मी के चलते सरकार खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने के स्थान पर अंशकालिक रोजगार का विकल्प तैयार कर रही है।

## फर्स्ट एड एंड क्लाईमेट चेंज थीम के साथ इस वर्ष मनाया जा रहा विश्व प्राथमिक सहायता दिवस : सचिव

# केएम बीएड कॉलेज में बेसिक फ्रस्ट एड व सीपीआर जागरूकता सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

विश्व प्राथमिक सहायता दिवस के अवसर पर सेंट जॉन एंबुलेंस (इंडिया) एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के आदेशानुसार भिवानी के उपायुक्त व रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को स्थानीय हांसी गेट स्थित किरोड़ीमल (केएम) बीएड कॉलेज एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड एवं सीपीआर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में प्राथमिक चिकित्सा के महत्व को समझाना एवं उन्हें आपातकालीन स्थितियों में सही तरीके से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक कौशल से अवगत कराना था। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्राचार्य डा. राजीव कुमार ने जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार का आभार जताया।

### पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवाई जा रही

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा हर किसी के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह किसी भी दुर्घटना या आकस्मिक स्वास्थ्य समस्या में समय पर सही कदम उठाने में मदद करती है। इसके माध्यम से जीवन बचाने में कई बार बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्व प्राथमिक सहायता दिवस को प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है, ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूक किया जा सके। इस वर्ष यह कार्यक्रम फर्स्ट एड एंड क्लाईमेट चेंज थीम के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इस प्रकार की जानकारियां प्राप्त होनी चाहिए ताकि वे किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में समय रहते मदद कर सकें। सचिव ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में यूथ रैडक्रॉस एवं जूनियर रैडक्रॉस की इकाइयों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व फर्स्ट एड जागरूकता कार्यक्रम के अलावा पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही है।

**खबर संक्षेप**



## बहल मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी महाविद्यालय में 28 अगस्त से 23 सितंबर तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीजीएचई पंचकूला हरियाणा और जिला स्वास्थ्य विभाग का सहयोग रहा।

वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी वृत्त चित्र फिल्म के माध्यम से दी गई।

## बीएलजेएस में ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**तोशाम।** बनवारी लाल जिन्दल सूईवाला कॉलेज में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल-कूद, एनसीसी, एनएसएस, पुस्तकालय आदि विभिन्न प्रकोष्ठों की महत्त्वपूर्ण जानकारी देना था, जो विद्यार्थियों को महाविद्यालय पुस्तकालय के सेमिनार कक्ष में विस्तार पूर्वक दी गई। कॉलेज में संचालित सभी प्रकोष्ठों के संयोजको ने अपने-अपने प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली, उनका महत्त्व, विद्यार्थियों को पता होना चाहिए।

### निकासी के लिए पानी में उतर रहे हैं विधायक कपूर वाल्मीकि

# मेरे घर से पहले क्षेत्र की आबादी से पानी निकासी करवाएं अधिकारी

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने लिया कस्बा में जलभराव और पानी निकासी का जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा**

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने वीरवार को एक बार फिर कस्बा बवानीखेड़ा में जलभराव और पानी निकासी का जायजा लिया। उन्होंने पानी में जाकर बारिश के पानी का लेवल देखा और पानी निकासी में जुटे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनके घर के सामने से पहले कस्बे में अन्य आबादी क्षेत्र से पानी की निकासी करें। पानी निकासी नहीं होने तक वे पानी के बीच ही रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अत्यधिक बारिश के चलते कस्बे में विशेषकर बाहरी कालोनियों में जलभराव हो गया। इसके साथ ही सामान्य अस्पताल, राजकीय महिला महाविद्यालय और जमालपुर गांव की तरफ रोड़ क्षेत्र का इलाका जलमग्न हो गया। यहीं बाईपास पर बिजली घर के पास विधायक श्री वाल्मीकि का निवास है, यहां पर भी जलभराव हो गया था। बारिश का पानी भी विधायक के निवास स्थान की तरफ खेड़ी दौलतपुर रोड पर नवनिर्मित बाईपास की पुलिया से आया।



बवानीखेड़ा। सड़कों पर जमा पानी का जायजा लेते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि।

### लिया जायजा

एकाएक हुए जलभराव से नागरिकों के समक्ष भारी समस्या बन गई थी। पानी निकासी को लेकर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि भी पानी निकासी में जुटे अधिकारियों के साथ पानी में उतरे। उन्होंने वीरवार को एक बार फिर अधिकारियों के साथ पानी निकासी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके मकान के सामने से पहले कस्बे के अन्य जलभराव वाले इलाकों से पानी की निकासी की जाए ताकि लोगों को राहत मिले।

### प्रशासन मुस्तैद

उन्होंने कस्बा वासियों से अपील करते हुए कहा कि शासन और प्रशासन पानी निकासी में पूरी मुस्तैदी से लगा है। जरूरत के अनुरूप संसाधन लगाए जा रहे हैं, इसके लिए डीसी साहिल गुप्ता द्वारा भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी संसाधन खरीदने बारे निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय सामान्य अस्पताल, नगर पालिका मार्केट, नगर पालिका कार्यालय के सामने आदि क्षेत्रों में स्थिति धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि बारिश नहीं होती है तो जल्द ही स्थिति काबू में होगी।



चरखी दादरी। अधिकारियों से पानी निकासी की समीक्षा करते सांसद धर्मबीर सिंह।

## जल भराव के स्थाई समाधान पर तुरंत योजना करें तैयार : धर्मबीर

पानी निकासी को दें प्राथमिकता, पारदर्शिता के साथ तैयार करें खराबा रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी**

सरकार बारिश के कारण हुए नुकसान की भरपाई करेगी। अधिकारी ध्यान रखें कि नुकसान की रिपोर्ट में किसी भी स्तर पर शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। दादरी शहर और ग्रामीण क्षेत्र में जल भराव की समस्या के स्थाई और अस्थाई समाधान को लेकर तुरंत योजना तैयार करें। गांव में फिरनी पर बांध बनाकर पक्की फिरनी करने की संभावना को भी तलाश करें। जिला के ड्रेन निर्माण की योजना पर भी काम किया जाए। प्रशासन के अधिकारी इस प्रकार से काम करें कि भविष्य में जल भराव की समस्या ना हो।

### जीवन अस्त-व्यस्त

लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने दादरी में जल भराव की समीक्षा करते हुए यह आदेश दिए हैं। उन्होंने बैठक के दौरान कहा कि भारी बारिश के कारण कई प्रदेशों में जीवन अस्त व्यस्त हुआ और इसके कारण जान माल की हानि भी हुई है। उन्होंने कहा कि दादरी शहर और जिला के कई गांवों भी बारिश के कारण प्रभावित हुए हैं। पूरे जिला में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान करना बेहद जरूरी है। लेकिन फिलहाल के लिए पानी निकासी को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सिंचाई, पंचायत, राजस्व, जन स्वास्थ्य सहित सभी संबंधित विभाग दादरी शहर के प्रभावित वार्ड और प्रभावित गांव अनुसार रिपोर्ट तैयार करें।

### काव्य पाठ में 30 विद्यार्थियों ने लिया भाग

## कक्षा सातवीं से हनी प्रथम व दीक्षा द्वितीय स्थान पर रही

हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल**

बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी साप्ताहिक पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काव्य पाठ, कथा वाचन सहित हिंदी विषय की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। काव्य पाठ में सातवीं व आठवीं कक्षा के करीब 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। काव्य पाठ प्रतिभागियों ने शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायी कथाओं का सजीव वाचन प्रस्तुत कर उपस्थिजनों को भाव विभोर कर दिया। कक्षा सातवीं से हनी ने प्रथम, दीक्षा ने द्वितीय व सचप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा आठवीं से भूमिका ने प्रथम, माहिका ने द्वितीय व तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लगभग बीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। वीर रस, हास्य रस, श्रृंगार रस व हिंदी भाषा की महत्ता पर आधारित कविताओं की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों में कक्षा 9वीं से योगिता, दीक्षा और हंसूजा चौधरी, कक्षा 10वीं से परीक्षित शर्मा, दुर्गेश, अक्षरा, प्रियंका, नव्या व कमला, कक्षा 11वीं से भावना, अनुज और मीनाक्षी के अलावा कक्षा 12वीं से स्नेहलता शर्मा और रितु कुमारी ने अपनी ओजस्वी वाणी और सशक्त अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया।



बहल। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

### मंच संचालन दीक्षा बूरा व संध्या ने किया

प्रतियोगिता का मंच संचालन छात्रा दीक्षा बूरा व संध्या ने किया। निर्णायक मंडल में सुशीला बेनीवाल और भावना रावत शामिल रही। उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करना निश्चय ही गौरव की बात है किंतु उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण है विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और निष्ठा। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और विरासत की आत्मा है। आज हिंदी भाषा विश्वभर में अपनी पहचान बना रही है।

### जिले की रैंकिंग में सुधार लाएं

## समाधान शिविर में आई शिकायतों का समय पर हो रहा निवारण

शीघ्र समाधान करते हुए एटीआर करे अपलोड

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी**

उपायुक्त डा मुनीष नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों व सीएम विंडो पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का प्रभावी समाधान किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को चक्कर न लगाने पड़े। शिकायतों का मौके पर जांच करते हुए स्थाई समाधान सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने वीरवार को लघु सचिवालय में विभिन्न मामलों को लेकर विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समाधान समय पर करते हुए जिला की रैंकिंग में सुधार लाए। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का समय पर समाधान करना सुनिश्चित करें। अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट शीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें। सीएम विंडो व जनसंवाद पोर्टल पर सभी विभागाध्यक्ष अपना पोर्टल प्रतिदिन लॉग-इन करें ताकि प्राप्त शिकायत को अंडरटेक करते हुए समय पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें रि-ओपन हुई है उनका मौके पर जाकर जांच करते हुए पारदर्शी रूप से स्थाई समाधान करें।

### गंभीरता से लें

उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को प्रात 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाधान शिविर में आ रही शिकायतों के प्रति गंभीर हैं और चंडीगढ़ में नियमित रूप से सभी जिलों की समीक्षा भी की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी समाधान पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें और उनका शीघ्र व स्थाई समाधान सुनिश्चित करें ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो।

बैठक में एसडीएम दादरी योगेश सैनी, सीईओ जिला परिषद डा विरेन्द्र सिंह, एसडीएम बाढड़ा आशीष सांगवान, सीटीएम प्रीति रावत सहित विभिन्न विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

## विवाह पूर्व परामर्श केंद्र खोलेगा विवि

- सीबीएलयू ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस समारोह का समापन किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू), भिवानी ने आत्महत्या पर धारणा बदलना विषय पर आयोजित दो दिवसीय विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस समारोह का समापन किया। इस अवसर पर, छात्रों ने आत्महत्या रोकथाम पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसकी माननीय कुलपति ने सराहना की और टीम को आस-पास के इलाकों में इसे प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि व्यापक जागरूकता फैलाई जा सके और आत्महत्या की दर को कम किया जा सके। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय जल्द ही विवाह पूर्व परामर्श केंद्र खोलेगा क्योंकि यह समय की मांग है। सीबीएलयू की रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि मनोवैज्ञानिकों की प्रभावशीलता बढ़ाने और समाज को जागरूक करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

### जीवन अनमोल

प्रो. हरदीप लाल जोशी ने छात्रों को आत्महत्या रोकथाम में मनोविज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने के लिए प्रेरित किया और उन्हें याद दिलाया कि जीवन अनमोल है और हर समस्या का समाधान होता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि गहन पर्यवेक्षक बनकर हम आत्महत्या को रोक सकते हैं लेकिन इसके लिए हमें आत्मघाती संकेतों का ज्ञान होना चाहिए।

## सीटीएम अनिल कुमार ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

नगराधीश अनिल कुमार ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों को शीघ्र निपटाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना सुनिश्चित करें।

समाधान शिविर में सीटीएम के समक्ष सेक्टर-23 के निवासियों ने रोड़ मरम्मत करवाने व ग्रीन बेल्ट में लाईट लगवाने बारे, गांव दांग कला निवासी बीर सिंह ने अपनी जमीन से नाली हटवाने बारे, पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने सरकुलर रोड़ पर ग्रील लगवाने बारे, सेक्टर-23 निवासी संतोष कुमार ने मकान में चोरी को लेकर पुलिस कार्यवाही करवाने बारे, वार्ड न. नौ निवासी अरुण ने ब्लॉक सीवरेज खुलवाने बारे, प्रदीप ने जमीन से अवैध कब्जा हटवाने बारे, सिवानी निवासी ने तोशाम से सिवानी रोड़ से ब्रेकर हटवाने व गड्ढे भरवाने बार में शिकायत रखी।

### सेक्टर-23 के निवासियों ने रोड मरम्मत करवाने व ग्रीन बेल्ट में लाइट लगवाने बारे शिकायत रखी

## हकों के लिए भटकने को मजबूर हैं स्वच्छता के प्रहरी : लीलाराम

**भिवानी।** राष्ट्रीय परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाराम प्रजापति ने सफाई कर्मचारियों के लिए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी जो शहरों को साफ रखने का महत्वपूर्ण कार्य करते है वे आज अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। प्रजापति ने सरकार से अपील की है कि वह उनकी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे।

प्रजापति ने जोर दिया कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें समय पर और पूरा वेतन मिले। प्रजापति ने कहा कि सफाई कर्मचारी स्वच्छता के प्रहरी हैं और वे शहरों को साफ रखने का बीड़ा उठाते हैं।

## कै. हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की महिला मुक्केबाजों ने दिखाया दम



भिवानी। कोच भीम अवार्डी संजय श्योराण महिला बॉक्सर नुपुर।

**भिवानी।** इंगलैंड 4 से 14 सितंबर तक आयोजित विश्व चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की मुक्केबाज नुपुर और पूजा बोराह ने क्वार्टर फाइनल में अपनी विरोधी मुक्केबाजों को हरा कर पदक पक्का किया। नुपुर ने 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में उजेकिस्तान की मुक्केबाज को 4-1 से हराया तो पूजा बोहरा ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में पौलेंड की मुक्केबाज को 4-1 से हराकर अपने पंच का दम दिखाया। इससे पहले भी नुपुर श्योराण ने स्वर्ण पदक व पूजा रानी ने रजत पदक जीता। कोच भीम अवार्डी संजय श्योराण ने दोनों खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि दोनों मुक्केबाज स्वर्ण पदक जीत कर आएगी। भिवानी की जैस्मीन लम्बोरिया ने भी 57 किलोग्राम भार वर्ग में अपना पदक पक्का किया है। तीनों महिला मुक्केबाज भिवानी की बेटियां है। इस अवसर पर अकादमी अध्यक्ष डा. एलबी गुप्ता, महासचिव प्रीतम दलाल, कैप्टन बनी सिंह और अनेक खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

जिला अदालत में बढ़ती हिंसक घटनाओं से अधिवक्ता और आम लोग चिंतित हैं। हाल ही में हुई गोली की घटना और अधिवक्ताओं पर शारीरिक हमलों ने अदालत परिसर में भय और असुरक्षा का माहौल बना दिया है।

यह बात युवा कांग्रेस के महासचिव अधिवक्ता डा. विकास कुमार ने जारी ब्यान में कही। उन्होंने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के साथ व कोर्ट परिसर में हो रही इस प्रकार की घटनाएं ना केवल जीवन के लिए खतरा हैं, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि कोर्ट परिसर व अधिवक्तागण की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चार मुख्य मांगें रखीं, जिसमें भिवानी अदालत परिसर में एक स्थायी और अच्छी तरह से सुसज्जित पुलिस चौकी की स्थापना, अदालत के घंटों के दौरान पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर कड़ी नजर रखनी चाहिए।

कोर्ट परिसर में बढ़ रही हैं हिंसक घटनाएं



अधिवक्ता डॉ. विकास कुमार

### मांगें दोहराई

उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर को न्याय का मंदिर तथा अधिववक्ताओं को न्याय के प्रहरी के रूप में देखा जाता है, लेकिन इन दिनों प्रदेश में बढ़ते अपराध से ये भी अछूते नहीं रहे है, जिसका सीधे रूप से नकारात्मक प्रभाव देश की न्याय व्यवस्था पर पड़ेगा तथा लोगों का विश्वास कानून व न्याय व्यवस्था पर कमजोर होता जाएगा। जिसके लिए जरूरी है कि कोर्ट परिसर व अधिवक्ताओं की सुरक्षा मजबूत की जाए। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अलग गेट बनाने की लंबित मांग को दोहराया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**रणनीति** पुल निर्माण को लेकर अफसरों से बनाएंगे तालमेल, 11 सदस्यीय कमेटी का किया गठन

# रेलवे पुल के निर्माण की अपडेट जानकारी लेगी प्रहरी सोसायटी

शहर के लोगों ने इस कमेटी का गठन करने का फैसला लिया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

अब लोहारू रोड के रेलवे ओवरब्रीज को निर्माण कार्य में तेजी आने वाली है। उसके निर्माण कार्य में आने वाली तकनीकी अड़चन व अन्य अटकाने वाले पेचों पर शहर की पर्यावरण प्रहरी वैलफेयर सोसायटी नजर रखेगी। उक्त कमेटी का गठन शहर के मौजिज लोगों ने सभी सलाह व मशविरा के बाद किया है।

फिलहाल कमेटी में 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। कमेटी के सदस्य पुल के निर्माण में आने वाली तकनीकी अड़चनों को दूर करवाने के लिए अफसरों व ठेकेदार से भी तालमेल बनाएगी। जहां पर कोई पेच अटकेगा। उसी जगह पहुंचकर कमेटी के सदस्य अधिकारियों की मदद से अड़चन दूर करवाने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा पुल निर्माण की हर अपडेट जानकारी भी कमेटी समय समय पर लेती रहेगी। क्योंकि कई बार बेवहज कोई अड़चन लगने से कई दिनों तक कार्य अटक जाता है। उस अड़चन की वजह से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जिसके चलते शहर के लोगों ने इस कमेटी का गठन करने का फैसला लिया है। साथ ही नवगठित कमेटी रेलवे ओवरब्रीज के साथ हालवास गेट इलाके में सर्विस रोड बनाए जाने की भी मांग करेगी। ताकि ऑटो व अन्य छोटे वाहनों को आराम से निकाला जा सके। यहां यह बताते चले कि रेलवे ओवरब्रीज के कार्य में देरी होने से यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को अनेक परेशानी उठानी पड़ रही है।



भिवानी। कमेटी के गठन के बाद रणनीति तय करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### किस किस को कमेटी में किया शामिल

नवगठित कमेटी में राजेंद्र जांगड़ा, नई अनाजमंडी प्रधान नरेश कुमार उर्फ भुरु, जोगीराम मेहरा, ठाकुर रणधीर सिंह, सुंदर सिंह, नगरपरिषद पार्षद संदीप यादव, नगर पार्षद सुभाष तंवर, पूर्व नगर पार्षद इंद्र सैनी, राजकुमार, राजेश श्योराण, महेश शर्मा को शामिल किया गया है। ये सभी कमेटी में शामिल सदस्य पुल के निर्माण को लेकर मंत्री से लेकर अधिकारी तक सम्पर्क सांधेंगे और निर्माण कार्य में तेजी लाने का प्रयास करेंगे।